मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है

मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है,
मेरे मेहंदीपुर वाले तू जिसके साथ है,
उसको जीवन मे डरने की क्या बात है,
मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है,
ओ घाटे वाले सालासर वाले तुम राम के प्यारे हम है बलिहारे,

जिसने सजदे में सिर को झुकाया तूने पल भर में संकट मिटाया,
उसने जीवन में खाई न कभी मात है,
मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है,

तेरा सुमिरन जो सच्चे मन से करता,
उसके दुःख संकट पल भर में हरता,
मुश्किलों को है दी उस ने मात है,
मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है,

इसके चरणों में अर्जी लगा ले,
काम फिर चाहे कुछ भी करा ले,
देता भर भर खजाने और सौगात है,
मेरे बजरंगी बाला तू जिसके साथ है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11455/title/mere-bajrangi-bala-tu-jiske-sath-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |